तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, सोमवार 11 मई 2026

12 मातृ दिवस पर माताओं को नमन, सेवा और संस्कार का संदेश

10 एआई और डिजिटाइजेशन से होगी सीएसआर...




हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
11 मई 2026
कूपन नं.
1

## खबर संक्षेप

### नौकरी लगाने के नाम पर दो लाख की ठगी

**बालोद।** नौकरी लगाने के नाम पर दो लाख की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। जिसमे पीड़ित युवक ने धोखाधड़ी करने वाले के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 420 के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम परसदा (डंगनिया) थाना गुण्डरदेही निवासी मेघराज साहू पिता सोहराब साहू 27 वर्ष ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2024–25 में पुलिस भतएँ चल रहा था, उसी दौरान मेरे भैया इलियास मोहम्मद आमएँ रिटायर्ड के पहचान वाले मकान नं0 202, ब्लॉक नंबर डी, मयुरी हाईट्स बोरसी थाना पद्मनाभपुर जिला दुर्ग निवासी प्रकाश चंद्र पढवेकर पिता बुधाराम पढवेकर जो कि वर्तमान में परिवहन विभाग मंत्रलय में पदस्थ है के द्वारा मेरा मंत्रलय में अच्छी पहुंच है आपका पुलिस विभाग में नौकरी लगा दूंगा बोलकर मुझे पुलिस विभाग जीडी आरक्षक पद पर नौकरी लगाने के नाम से 01 मार्च 2024 को 2,00,000 रूपये अपनी पत्नि कुसुम पढवेकर के नाम से भारतीय स्टेट बैंक खाता में डलवाया और काम नहीं होने पर मै आपको ब्याज सहित वापस कर दूंगा। काम नहीं होने पर मेरे द्वारा पैसे की मांग करने पर टाल–मटोल कर रहा है आज दूंगा, कल दूंगा बोलकर पैसा वापस नहीं कर रहा हैं।

### घर में घुसकर युवती से मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** घर में घुसकर बेटी के साथ किए मारपीट के खिलाफ पिता ने मारपीट करने वाले युवक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 333, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। आमाडुला गोटी पारा निवासी परसराम मण्डावी पिता मयाराम मण्डावी 52 ने पुलिस को बताया कि ग्राम आमाडुला गोटीपारा निवासी खिलेश्वर कुमार कुमेटी पिता दिनेश कुमार कुमेटी मेरे घर में घुसकर मेरी बेटी के साथ मारपीट, गाली गलौच कर गला दबाकर जान से मारने का प्रयास कर रहा था, उस समय मेरी बेटी घर मे अकेली थी, पास रहने वाला डिलेश्वर टेकाम आकर बीच बचाव किया और उसे घर से बाहर किया और आरोपी भविष्य में कही पर मारने की गला से रेतकर मारने की धमकी दे रहा था।

### पत्नी से मारपीट करने वाले पति पर मामला दर्ज

**बालोद।** पति ने पत्नी के साथ मारपीट कर दिया। जिसके बाद पत्नी ने अपने पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम पलारी बजरंग चौक, थाना सनौद निवासी खिलेश्वरी साहू पति डिलेश्वर उम्र 28 वर्ष ने पुलिस को बताया कि ग्राम पलारी के डिलेश्वर साहू से वर्ष 2022 में प्रेम प्रसंग होने से कोर्ट में शादी की हूं, हम दोनों पति पत्नि के रूप में ग्राम पलारी में जीवन यापन कर रहे हैं। मेरी एक पुत्री ओजस्वी साहू 03 वर्ष की है। मेरी बेटी आने के बाद से मेरे पति मुझसे लड़ाई झगड़ा करता था, 07 मई के रात करीबन 10.30 बजे शराब पीकर घर आया और छोटी छोटी बातों को लेकर घर के बरामदा में मुझे मैं अपनी जाति की पत्नि लाउंगा और तुमको तलाक दूंगा, बोलकर गाली गुप्तार कर मेरे ससुर पकड़ते हैं उस डण्डा को पकड़कर मेरे सिर में मारा है और हाथ मुक्का से भी मारपीट किया हैं, और जान से मारने की धमकी दिया, मारपीट करने से मेरे सिर में चोट लगा है, बाएं हाथ में दर्द है।

# प्राचार्यों पर कार्रवाई के विरोध में उतरा शालेय शिक्षक संघ, आदेश निरस्त करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

प्राचार्यो के खिलाफ कार्रवाई के विरोध मे शिक्षक संघ ने भी आवाज उठाई है। शिक्षक संघ ने कार्यवाही का विरोध किया है। शालेय शिक्षक संघ ने कहा अच्छे परिणाम में खुद को क्रेडिट लेने वाला प्रशासन खराब परिणाम में शिक्षकों को बलि का बकरा बना शिक्षकों का मनोबल तोड़ कर अच्छे परिणाम की अपेक्षा करना बेमानी है। शिक्षक संघ जिला मे 8 प्राचार्य को निलंबित और 14 प्राचार्यो का वार्षिक वृद्धि रोकने के मामले नाराजगी व्यक्त की है।

शिक्षक संघ ने कहा सालभर युक्तियुक्तकरण से शिक्षको में अफरा तफरी, गैर शैक्षणिक कार्य, केंद्रीयकृत त्रैमासिक, अर्धवार्षिक, प्री बोर्ड परीक्षा और प्रश्नबैंक के अनुरूप तैयारी कराने का शिक्षको पर दबाव देकर अपेक्षानुरूप परिणाम न आने पर शिक्षकों को ही बलि का बकरा बनाया जा रहा।

10 वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा में अच्छा परिणाम न लाने का आरोप लगाकर बालोद जिला प्रशासन द्वारा 8 प्राचार्यो को निलंबित और 14 प्राचार्यो की वेतनवृद्धि रोकने का आदेश जारी किया गया है, ऐसा दृश्य और कार्रवाई प्रदेश के अन्य जिलों से भी आने की आशंका है। शालेय शिक्षक संघ छग ने इसे तुगलकी फरमान बताते हुए जिला प्रशासन द्वारा अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर शिक्षकों का मनोबल तोड़ने वाले कार्यवाही बताया। जिन प्राचार्यो पर एकतरफा कार्रवाई की गई उनमें से कुछ स्कूलों के बोर्ड परिणाम किसी मे ▸▸| शेष पेज 10 पर

## खराब परिणाम पर शिक्षकों को बनाया जा रहा बलि का बकराः संघ

### लगातार प्रशिक्षण से अध्यापन कार्य प्रभावित

लगातार परीक्षा के बीच में ही टेक्नोफेस्ट, विज्ञान प्रदर्शनी, जम्बूरी, इंस्पायर, सर्वे, प्रशिक्षण जैसे बड़े आयोजन भी किये गए इन आयोजनों में बड़े पैमाने पर शिक्षकों को संलग्न किया गया, जिससे अध्यापन कार्य प्रभावित हुआ। शालेय शिक्षक संघ ने ऐसी कार्यवाही को शिक्षकों का मनोबल तोड़ने वाला बताया और कहा कि प्रदेश के शिक्षकों को युक्तियुक्तकरण, बीच सत्र में किये जा रहे स्थानांतरण, गैर शैक्षणिक कार्य और अपने स्कूल के अनुरूप अध्यापन व तैयारी कराने की स्वतंत्रता न देना, शिक्षकों को हतोत्साह करता है। बालोद जिला प्रशासन द्वारा अव्यवहारिक निर्णय लिया गया है। 8 प्राचार्य का निलंबन और 14 प्राचार्य की वेतनवृद्धि रोकने के आदेश जिला प्रशासन द्वारा दिया गया है। जबकि यह अधिकार केवल डीपीआई को है। अधिकारक्षेत्र से बाहर एकतरफा कार्यवाही से प्रदेश के शिक्षकों में रोष व्याप्त है।

### सफलता का श्रेय डीईओ लेता है!

अधिकारीगण जब स्कूलों के अच्छे परिणाम आते है तो खुद उसका क्रेडिट लेने आगे आ जाते हैं, और किसी कारणवश परिणाम उनके अनुरूप नही रहता तो उसमें बलि का बकरा शिक्षकों को बना देते हैं। प्रदेश मीडिया प्रभारी व बालोद के जिलाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने कहा कि वर्तमान में शिक्षकों का मनोबल तोड़ने के लिए नित नए षड्यंत्र किये जा रहे हैं, एक ओर 20 वर्ष से भी अधिक अनुभवी प्राचार्यो को बीईओ, डीईओ जैसे पद पर जाने के रास्ते बंद कर उन्हें हतोत्साहित कर रही है, वही 5 से 10 साल का अनुभव रखने वाले एबीईओ के लिए इन पदों को सुरक्षित रखकर उन्हें उपाकृत कर रही है। कमीशन खोरी के चक्कर मे मासिक, त्रैमासिक अर्धवार्षिक व प्री बोर्ड की परीक्षा के प्रश्नपत्र भी जिले से दिया जा रहा, ऐसे प्रश्नबैंक बनाये गए और उसी से तैयारी के निर्देश दिए पर वार्षिक परीक्षा के प्रश्न उससे इतर आये।

### कार्रवाई का विरोध

कोई भी परिणाम प्रॉपर योजना, अध्यापन, शिक्षक, पालक व बच्चे की आईक्यू लेबल के सामूहिक प्रयास से आती है ऐसे में केवल शिक्षक को दोषी मानना गलत है और संगठन ऐसी कार्यवाही का विरोध करते हुए तत्काल निरस्त करने की मांग की है।

## अपराध : जिले में चोरों का आतंक, लगातार चोरियों से लोगों में दहशत

# जिले में लगातार बढ़ रही चोरी की वारदातें, पुलिस सुस्त और चोर चुस्त!

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद



शादी कार्यक्रम में सम्मिलित होने गए परिवार के घर चोरो ने धावा बोल 38 हजार रूपये के सोने चांदी व नकदी की चोरी कर ली। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने अज्ञात चारे के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 305(ए), 331(2) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वार्ड क्र 12 कामता थाना डौंडी निवासी महरा राम ने पुलिस को बताया कि मेरा चाचा ग्राम जैसाकर्रा थाना चारामा जिला कांकेर निवासी युवराज भुआर्य के यहां शादी कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए 06 मई को घर अंदर कमरा एवं घर के बाहर दरवाजा में ताला लगाकर चाबी को मैं अपने पास रखकर सुबह चला गया था, शादी कार्यक्रम में सम्मिलित होकर 08 मई के 11 बजे घर वापस आया तो देखा, सामने का दरवाजा में ताला लगा हुआ था, ताला खोलकर घर अंदर जाकर देखा तो कमरे में लगे ताला टुटा हुआ था, कमरा अंदर रखा आलमारी टुटा हुआ था, पास में रखे अटैची भी टुटा हुआ था, आलमारी को देखा तो आलमारी में रखे सोने का नेकलेस कीमती करीबन 20,000 रूपये, एक जोड सोने का टॉप्स कीमती 10,000 रूपये एवं नगदी रकम 8000 रूपये कुल जुमला 38,000 रूपये नही था, कोई अज्ञात चोर द्वारा 06 से 08 मई के दरम्यानी रात्रि घर के पीछे बाडी तरफ से घर अंदर घुसकर कमरे का ताला तोडकर घर अंदर रखे आलमारी के दरवाजा को तोडकर सोने के जेवरात एवं नगदी रकम को चोरी कर ले गया है।

▪ मकान में सोने-नकदी समेत 38 हजार की चोरी

### मकान का ताला तोड़कर डेढ़ लाख के करीब नकदी चोरी

**बालोद।** अज्ञात चोर द्वारा मकान में चोरी कर ली, जिसके बाद अज्ञात चोर के खिलाफ पीड़ित व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमे पुलिस ने धारा 305, 331(4) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम झलमला निवासी गोलू गुप्ता ने पुलिस को बताया कि घोटिया चौक के आगे जिला कार्यालय रोड के पास भोज राम साहू के मकान में किराये के मकान मे परिवार के साथ रहता हूं। मकान के सामने शटर लगा हुआ है, घर की आलमारी में 1,35,000 रूपये नगद कपडा के नीचे दबाकर रखा था, जहां मै अपने परिवार के साथ प्रतिदिन रात्रि में सोता था, 03 मई के शाम लगभग 05 बजे शटर को बंद कर उसी दिन ऊपर के कमरे में परिवार के साथ रात्रि 11 बजे के बाद सो गये 04 मई को सुबह 08 बजे मेरे पडोसी रोशनी साहू फोन मे बताई मेरे कमरे के सामने के दरवाजा को कोई बंद कर दिया है, नीचे आकर दरवाजा खोल दो, तब मैं नीचे आया और उनके दरवाजा में लगे सिटकनी को खोला और सामने मेरे कमरा को चेक किया तो सामान रखे कमरे का शटर का ताला टुटा हुआ कुंडी अलग से जमीन में पडा था, दुसरे तरफ के कमरे का भी शटर का ताला टुटा हुआ कुंडी से अलग दीवाल किनारे नीचे पडा था, आलमारी रखे कमरे के शटर को ऊपर कर देखा तो आलमारी का दोनो दरवाजा खुला हुआ था, सामान बिखरा पडा था, अंदर जाकर चेक ▸▸| शेष पेज 10 पर

### खड़े ट्रक दो बैटरी पार

**दल्लीराजहरा।** शहर में इन दिनों बैटरी चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। बीती रात अटल चौक चिखलाकसा से अंदर राधे मिक्सचर फैक्ट्री के सामने खड़े एक ट्रक से अज्ञात चोरों ने दो बैटरियां चोरी कर लीं। घटना के बाद वाहन मालिक परिवार में आक्रोश व्याप्त है तथा पुलिस से कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 25 न्यू मार्केट निवासी लाजवन्ती कुकरेजा पति राजकुमार कुकरेजा ने शिकायत में बताया कि उनके नाम पर पंजीकृत ट्रक क्रमांक **CG**17 **F**-9616 मंगलवार रात चिखलाकसा के पास राधे मिक्सचर फैक्ट्री के सामने खड़ा था। देर रात लगभग 12 बजे से सुबह 4 बजे के बीच अज्ञात चोर ट्रक से दो बैटरियां चोरी कर ले गए। घटना से उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है।पीड़िता ने पुलिस प्रशासन से ▸▸| शेष पेज 10 पर



### डेढ़ लाख के कॉपर रॉड की चोरी

**बालोद।** विद्युत विभाग द्वारा निर्माणाधीन कार्य स्थल से चोरो ने 1 लाख से अधिक के सामान की चोरी कर ली। जिसके बाद पदस्थ अधिकारी ने अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 305, 331(4) बीएनएस के तहत रिपोअर् दर्ज कर ली है। ग्राम सनौद निवासी टेकराम साहू ने पुलिस को बताया कि वर्तमान में छ0ग0 राज्य विद्युत पारेशन कंपनी (बिजली विभाग) 132/33 के0व्ही0 उप केन्द्र ईरागुडा में मेसर्स इफेक्टिीव इंटरप्राईसेज की ओर से विद्युत आपरेटर के पद पर पदस्थ हूं। 03 मई को रात्रि 10 बजे से 04 मई के सुबह 06 बजे तक मेरा ड्युटी था। 04 मई को निर्माणाधीन 132 के0व्ही0 ट्रेक्शन फीडर नं0 02 यार्ड में लगे आईसोलेटर कॉपर राड 03 नग कीमती करीबन 1,50,000 रूपये लगा हुआ था जो रात्रि करीबन ▸▸| शेष पेज 10 पर

# पुरानी रंजिश में दो पक्षों के बीच मारपीट, मामला दर्ज

हिरभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षो में मारपीट व गाली गलौज हो गई। जिसके बाद दोनो ही पक्ष ने एक दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है।

जिसमे पुलिस ने विभिन्न धाराओ के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। शासकीय पूर्व माध्य मिक शाला देवरी द स्कूल में सफाईकर्मी के रूप में कार्यरत देवरी द निवासी उमेश कुमार पिता माखन लाल ने पुलिस को बताया कि शनिवार के दिन हनुमान मंदिर मे पूजा कर मै वापस आ रहा था तभी गुरूदयाल मेरे हाथ को पकडकर मेरे चेहरे को अपने हाथ मुक्का से मारपीट कर गाली गलौज किया जिससे मेरे शरीर पर चोट लगा है दर्द हो रहा है। पीड़ित की रिपोर्ट पर मारपीट करने वाले व्यक्ति के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम देवरी द थाना अर्जुन्दा निवासी गुरूदयाल साहू पिता पंचराम साहू 42 वर्ष ने पुलिस को बताया कि मुझे मेरे गांव का उमेश विश्वकर्मा जो पूर्व में मेरी बेटी को भगा ले गया था, तब मैं अपनी बेटी को समझा बूझाकर अपने घर ला लिया हूं और मेरी बेटी मेरे साथ रह रही है।

मैं गॉव के महाबीर चौक के पास हेमलु साहू के घर टेन्ट लगाने का काम कर रहा था तभी उमेश विश्वकर्मा, दिनेश विश्वकर्मा, माखन विश्वकर्मा, तुलदास विश्वकर्मा, सभी मेरे पास आये और मुझे पुरानी बात को लेकर गाली गलौज कर मुझे हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा और जान से मारने की धमकी देने लगा, तभी मेरे पिता पंचराम साहू बीच बचाव करने के लिए आये तो उन्हे भी हाथ मुक्को से मारपीट करने लगा, मारपीट करने से मेरे गर्दन ▸▸| शेष पेज 10 पर

▪ बीच बचाव करने आए पिता से भी मारपीट

### चौथिया बारात में बाजा बजाने को लेकर विवाद, युवक से मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** चौथिया बारात परघाने के समय बाजा बजाने की बात कहने पर युवक ने नाचने वाले व्यक्ति के साथ मारपीट कर दिया। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने मारपीट करने वाले के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम राघो नवागंव निवासी हंसदेव धनजंय ने पुलिस को बताया कि हमारे गांव राघोनवागाव में चौथिया बारात परघाने के समय मैं भी नाच रहा था, उसी समय बाजा बजाना बंद कर दिये, तब मै बोला कि बाजा बजाना क्यों बंद कर दिये हो कहने पर हमारे गांव के विकास कुनेन्द्र पिता युधिष्ठिर कुनेन्द्र जो गुदुम बाजा बजा रहा था। उसने बाजा को निकालकर नीचे जमीन पर रखकर तुम कौन होते हो बोलने वाले कहकर गाली गलौज करते हुये हाथ मुक्का से मुझे मारपीट किये हैं, मारपीट करने से मैं जमीन पर गिर गया। जिससे मेरा बायां सिर तरफ चोंट लगा हैं दर्द हो रहा हैं।

# अवैध शराब बिक्री करते आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंडा

थाना अण्डा पुलिस ने ग्राम अछोटी क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 31 पौवा देशी मसाला शराब बरामद की गई है। जब्त शराब की कुल कीमत लगभग 3100 रुपये बताई गई है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, दिनांक 10 मई 2026 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम अछोटी के राजा तालाब के पास एक व्यक्ति सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी में अवैध शराब रखकर बिक्री करने की फिराक में है। सूचना मिलते ही थाना अण्डा पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम पूना राम देशमुख (35 वर्ष) पिता स्व. नोहर सिंह देशमुख, निवासी भाठापारा ग्राम अछोटी थाना अण्डा जिला दुर्ग बताया। तलाशी लेने पर आरोपी के पास रखी सफेद प्लास्टिक बोरी से 31 पौवा देशी मसाला शराब (180 एमएल प्रत्येक) बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 50/2026, धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विधिवत गिरफ्तार किया और न्यायालय में पेश किया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी अण्डा उप निरीक्षक पारस ठाकुर के नेतृत्व में सउनि सुन्दर लाल नेताम, आरक्षक रूपेश कोमा, अजय चंद्राकर एवं तेजेश्वर साहू की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



# पटवारी की लगातार अनुपस्थिति से ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अण्डा

गुण्डरदेही ब्लॉक अंतर्गत ग्राम ओटेबंद ग्रामीण हल्का क्षेत्र क्रमांक 10 में पटवारी की लगातार अनुपस्थिति से ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले एक माह से अधिक समय से पटवारी का क्षेत्र में कोई अता-पता नहीं है, जिसके कारण राजस्व विभाग से जुड़े जरूरी कार्य पूरी तरह प्रभावित हो गए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, नामांतरण, फौती, जमीन की नकल, सीमांकन तथा अन्य राजस्व संबंधी कार्य लंबे समय से लंबित पड़े हुए हैं। लोग बार-बार कार्यालय और संबंधित जगहों के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन उन्हें कोई राहत नहीं मिल रही है। पटवारी के नहीं मिलने से सबसे ज्यादा परेशानी छात्र-छात्राओं, किसानों और आम नागरिकों को हो रही है। विद्यार्थियों को पढ़ाई, छात्रवृत्ति और प्रवेश प्रक्रिया के लिए प्रमाण पत्रों की जरूरत है, वहीं किसानों को बैंक ऋण, फसल पंजीयन और भूमि रिकॉर्ड के लिए दस्तावेज चाहिए। लेकिन पटवारी की अनुपस्थिति के कारण सभी कार्य अटक गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि शासन-प्रशासन आम जनता की सुविधा के लिए कई योजनाएं चला रहा है, लेकिन जमीनी स्तर पर जिम्मेदार कर्मचारियों की लापरवाही से लोगों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

इससे ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि ग्राम ओटेबंद हल्का क्षेत्र क्रमांक 10 में तत्काल नियमित पटवारी की व्यवस्था की जाए और लंबित आवेदनों का जल्द निराकरण कराया जाए, ताकि जनता को राहत मिल सके। ग्राम पंचायत ओटेबंद सरपंच जीवन लाल साहू, उपसरपंच पुखराज निर्मलकर, राजू लाल, गोपाल, दूजराम, देमन लाल सहित अन्य ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

▪ ग्रामीण आय-जाति, नामांतरण और फौती कार्यों के लिए भटकने को मजबूर



## भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार विकास के लिए संकल्पित : कल्पना

# ग्राम धमना में सीसी रोड, पचरीकरण और शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जामगांव आर

ग्राम पंचायत धमना में जिला पचायत निधि से मुख्य मार्ग से श्मशान घाट तक सीसी रोड़ निर्माण, रमसगरा तालाब में पचरीकरण कार्य, शेड निर्माण हेतु जिला पंचायत सभापति कल्पना नारद साहू ने भूमिपूजन किया।

कल्पना नारदसाहू ने कहा कि भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार गांव मे विकास में गंगा बहाने के लिए संकल्पित है। इसी तारतम्य में विविध भूमिपूजन समारोह के आप सब साक्षी है। भाजपा जनमानस के दर्द को समझती है और जन मानस भाजपा के जनहितैषी योजनाओं को समझती है। इसलिए पश्चिम बंगाल जैसे प्रदेश में भाजपा का कमल प्रचंड बहुमत के साथ खिल उठा। चाहूं ओर भाजपा का कमल खिलने से विपक्षी तिलमिलाहट में अनर्गल प्रलाप करते है, जिसे देश की जनता समझती है। कार्यक्रम में सरपंच लोकेश महलवार, उपसरपंच लालकुमार साहू, अंकालू साहू, अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति सुरपा नारद साहू, पंच नरेश मार्कण्डेय, हेमा साहू मितानिन, पंच कोमिन सोनी, दुकालहीन साहू, पोखराज यादव, कुमार साहू संतलाल ठाकुर, लक्ष्मण सोनवानी, लोमश अग्रवार, गल्लू मार्कण्डेय, धनराज बघेल, बिरेंद्र सोनवानी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।





**खबर संक्षेप**

## भूमि सुधार के लिए मुरूम खनन की अनुमति, अवैध उत्खनन पर विभाग की लगातार कार्रवाई

**बालोद।** जिला खनि अधिकारी प्रवीण चंद्राकर ने बताया कि बालोद जिले के ग्राम पंचायत माहुद एवं डुड़िया के अंतर्गत आने वाले विभिन्न खसरों में भूमि सुधार हेतु नियमानुसार मुरूम खनन की अनुमति प्रदान की गई है। उन्होंने बताया की खनिज विभाग द्वारा उक्त क्षेत्र अंतर्गत भूमि सुधार हेतु मुरूम खनन की अनुमति वर्ष 2025–26 से ग्राम पंचायत माहुद एवं डुड़िया अंतर्गत माधव प्रसाद, सुग्रीव साहू, नवीन कुमार देवागंन, रामशिरोमणी तिवारी, उमेश कुमार देवागंन को पृथक–पृथक अवधि हेतु विधिवत परिवहन अनुमति जारी किया गया है। संबंधित परिवहनकर्ता द्वारा भूमि गहरीकरण एवं सुधार कार्य से प्राप्त खनिज का परिवहन वैध अभिवहन पास के माध्यम से किया जाता है। इसके साथ ही जिले में पदस्थ खनिज अमला द्वारा जिला अंतर्गत खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण पर प्रभावी नियंत्रण हेतु सतत निरीक्षण एवं कार्यवाही की जाती है। वर्ष 2025–26 से विभाग द्वारा खनिज मुरूम के उत्खनन के 13 मामले दर्ज कर राशि रूपये 87,5000 तथा अवैध परिवहन के 22 मामले दर्ज कर राशि रूपये 22,7300 की वसूली कर शासकीय कोष में जमा कराया गया है।

## महाराणा प्रताप की जयंती पर स्मृति चिन्ह भेंट

**भिलाई।** पार्षद व बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष दया सिंह ने विधानसभा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने भेंट की। इस दौरान उन्होंने डॉ. सिंह को वीरता, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक महाराणा प्रताप जयंती पर स्मृति चिन्ह भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

## डां. पंडा ने सेल सीएमडी का संभाला कार्यभार

**भिलाई।** भारत सरकार ने स्टील अर्थॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के चेयरमैन सह प्रबंध निदेशक (सीएमडी) पद पर डॉ. अशोक कुमार पंडा ने शनिवार को कार्यभार संभाल लिया। उनकी नियुक्ति को स्वीकृति प्रदान की है। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति (एसीसी) द्वारा इस नियुक्ति को अनुमोदित किया गया। डॉ. पंडा वर्तमान में सेल में निदेशक (वित्त) के पद पर कार्यरत थे और अब उन्हें कंपनी के चेयरमैन सह प्रबंध निदेशक का दायित्व सौंपा गया है।अपने दीर्घ एवं विशिष्ट कार्यकाल के दौरान डॉ. पंडा सेल की अनेक महत्वपूर्ण वित्तीय एवं रणनीतिक पहलों से जुड़े रहे। उन्होंने कंपनी के ऋण भार को लगभग 20 हजार करोड़ रुपये तक कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## ज्ञान परम्परा को रेखांकित करती है शर्मा की पुस्तक

**भिलाई।** विचारक देवेंद्र कुमार रावत के अनुसार इस्पात नगरी भिलाई के प्रसिद्ध साहित्याचार्य और लेखक डॉ. महेश चन्द्र शर्मा की कृति साहित्य और समाज राष्ट्रीय शिक्षा नीति और भारतीय ज्ञान परंपरा को रेखांकित करती है। यह विविध शिक्षाओं से सारगर्भित 126 लघु ललित निबंधों का संग्रह है। रायपुर से प्रकाशित 280 पृष्ठों की, सहज,सरल किन्तु सरस भाषा-शैली में लिखित ये किताब युवाओं और विद्यार्थियों के लिये ही नहीं बल्कि वयोवृद्ध पाठकों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए भी संग्रहणीय और उपयोगी है।

## पीएम आवास योजना के तहत मकान आवंटन पर हुई चर्चा

**भिलाई।** शनिवार को सेवानिवृत्त कार्मिक कल्याण संघ की साप्ताहिक बैठक सिविक सेंटर स्थित मोनूमेंट में हुई। आवास समस्या को लेकर संस्था के सभी सदस्यों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान बताया गया कि जब पीएम आवास योजना के तहत प्रधानमंत्री सभी को छत प्रदान कर रहे हैं तो हमें यह आवास प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवंटित क्यों नहीं की जाती। हाउसिंग बोर्ड के साथ मिलकर नई कॉलोनी बनाना एक अच्छी स्कीम है लेकिन पुराने घरों को उजाड़ कर इस पूरे इलाके को खंडहर बनाना कहां की स्कीम है। अगर लाइसेंस स्कीम लागू नहीं की जा सकती प्रबंधन से तो इस पूरी जमीन को राज्य सरकार को सौंप दे ।

# एआई और डिजिटाइजेशन से होगी सीएसआर प्रोजेक्ट्स की मॉनिटरिंग : डॉ. चटर्जी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी को नए युग की सामाजिक शक्ति बताते हुए रूंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी में आयोजित 18वें राष्ट्रीय सीएसआर लीडरशिप सम्मेलन में सीएसआर एक्ट के पॉलिसी मेकर कहे जाने वाले भूतपूर्व आईएएस डॉ. भास्कर चटर्जी ने ने भारत में सीएसआर की ऐतिहासिक यात्रा, भविष्य की चुनौतियों और एआई आधारित मॉनिटरिंग मॉडल पर प्रकाश डाला।

रूंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी में इस साल से दो नए कोर्स का आगाज होने जा रहा है। यह कोर्स कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी पर आधारित होंगे। पहला कोर्स बीबीए इन सस्टेनेबिलिटी सीएसआर एंड ईएसजी होगा। वहीं इस विषय में इंडस्ट्री की डिमांड को देखते हुए एग्जीक्यूटिव एमबीए की शुरुआत भी होगी। शनिवार को रूंगटा यूनिवर्सिटी में हुए 18वें राष्ट्रीय सीएसआर सम्मेलन में डॉ. भास्कर चटर्जी ने इन दोनों कोर्स की विधिवत शुरुआत कराई। दो नए कोर्स के साथ रूंगटा यूनिवर्सिटी का इंडिया सीएसआर अकादमी से अनुबंध भी किया गया। इस सम्मेलन में देश की विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों के सीएसआर प्रमुख के साथ प्रसिद्ध एनजीओ के कार्यकर्ता भी शामिल हुए।

सीएसआर और सस्टेनेबिलिटी के अग्रदूत कहे जाने वाले डॉ. भास्कर चटर्जी ने इस मौके पर भारतीय कंपनियों में सीएसआर की शुरुआत करने की सोच साझा की। उन्होंने कहा कि, ब्यूरोक्रेट रहते हुए उन्हें 25 साल की उम्र में सीएसआर को लेकर कोई विचार नहीं आया, लेकिन 59 साल की आयु में जब उनकी सेवानिवृत्ती को महज दो वर्ष शेष थे, तब उन्होंने इस पॉलिसी पर काम शुरू किया। देश के गरीब और पिछड़े लोगों की चिंता उनके मन में लगातार बढ़ती गई। वह आईएएस अधिकारी थे, लेकिन उन्होंने हमेशा इसे सिर्फ नौकरी नहीं बल्कि सेवा माना।

## सीएसआर को देशभर में पहचान दिलाने वाले पूर्व आईएएस डॉ. चटर्जी भिलाई पहुंचे

### हर साल सीएसआर से 36 हजार करोड़

डॉ. चटर्जी ने बताया कि 1 अप्रैल 2014 को देश में कंपनी सीएसआर एक्ट लागू हुआ और भारत ऐसा करने वाला दुनिया का पहला देश बना। उस समय सिर्फ 7 हजार कंपनियां इससे जुड़ी थीं और कुल सीएसआर फंड करीब 8 हजार करोड़ रुपए था, जो आज बढ़कर 36 हजार करोड़ रुपए तक पहुंच चुका है। अब लगभग 28 हजार कंपनियां सीएसआर से जुड़ चुकी हैं। उन्होंने कहा कि उस समय कई उद्योगपति कहते थे कि वे सालों से सीएसआर करते आ रहे हैं, लेकिन पहले का तरीका अलग था। सम्मेलन में इंडिया सीएसआर के फाउंडर रुसेन कुमार के साथ सेवानिवृत आईएएस व वर्तमान में टीवीएस श्रीनिवास ट्रस्ट के चेयरमैन एंड सीईओ स्वरन सिंह ने भी सीएसआर की जरूरत पर चर्चा की। ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे कार्यों को साझा किया। रूंगटा यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति संतोष रूंगटा ने कहा कि, यदि सीएसआर मद का सही उपयोग किया जाए तो समाज के पिछड़े व गरीब वर्ग को बड़ी मदद मिल सकती है। कुलपति डॉ. जवाहर सूरीशेट्टी ने सीएसआर की अवधारणा समझाई। इस दौरान प्रो-चांसलर डॉ. सौरभ रूंगटा और सीईओ सोनल रूंगटा भी मौजूद रहे।



### अपने खर्च पर देंगे नेशनल फैलोशिप

डॉ. चटर्जी ने कहा कि वह देश को सात बिंदुओं का एजेंडा देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि रिसर्च के बिना कोई भी विषय लंबे समय तक टिक नहीं सकता। बिना रिसर्च सब कुछ सीमित रह जाता है। उन्होंने बताया कि इसी साल उन्होंने अपने निजी खर्च से दो नेशनल सीएसआर फेलोशिप शुरू की हैं। इसके तहत हर साल एक प्रैक्टिशनर और एक एकेडमिशियन को चुना जाएगा। इसका नाम चटर्जी नेशनल सीएसआर फेलोशिप रखा गया है। उन्होंने कहा कि सीएसआर में सबसे जरूरी चीज इंपैक्ट है। अगर असर ही नहीं दिखेगा तो 36 हजार करोड़ रुपए का हिसाब कौन देगा? अब सीएसआर में प्रोफेशनलाइजेशन पर काम हो रहा है।

### कार्यक्रम में पद्मश्री फूलबासन भी पहुंची

इस सम्मेलन में पद्मश्री फूलबासन बाई यादव बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल हुईं। उन्होंने अपने संघर्ष की कहानी साझा करते हुए कहा कि वह राजनांदगांव जिले के छोटे से गांव सुकुलदैहान की रहने वाली हैं और गरीबी की वजह से सिर्फ पांचवीं तक पढ़ाई कर पाईं। बचपन में वह अपने माता-पिता के साथ चाय की दुकान में कप धोने का काम करती थीं। कई बार घर में एक समय का खाना भी मुश्किल से मिलता था। 12 साल की उम्र में उनकी शादी एक चरवाहे से हो गई। शादी के बाद भी गरीबी कम नहीं हुई और बच्चों को दो वक्त का खाना देने के लिए उन्हें लोगों से अनाज मांगना पड़ता था। इन परिस्थितियों के बाद उन्होंने तय किया कि वह गरीबी, कुपोषण और बाल विवाह जैसी समस्याओं के खिलाफ काम करेंगी। साल 2001 में उन्होंने 10 महिलाओं के साथ दो रुपए और दो मुट्ठी चावल से महिला समूह की शुरुआत की। शुरुआत में परिवार और समाज दोनों ने विरोध किया। लोग कहते थे कि वह पागल हो गई हैं और परंपरा के खिलाफ काम कर रही हैं, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। दस महिलाओं से शुरु हुई यह मुहिम आज 8 लाख महिलाओं तक पहुंच गई है।

## हरितिमा से आच्छादित टाउनशिप में गर्मी में भी ठंडी का एहसास

# एक शहर में दो मौसम...टाउनशिप में पारा सामान्य से 2 डिग्री कम, पटरीपार में ज्यादा

### हरियाली वाले सेक्टरी क्षेत्र में लगे हैं 23 लाख पेड़, इधर कांक्रीट का जंगल

भीषण गर्मी में एक ही शहर के दो अलग अलग हिस्सों में यदि तापमान में अंतर हो तो आम लोगों के लिए यह हैरानी की बात होगी। लेकिन इस अजूबे से इन दिनों भिलाई के लोग रोज दो चार हो रहे हैं। ग्रीन सिटी के नाम से जाने जाने वाले बीएसपी टाउनशिप और पटरीपार के नगर निगम क्षेत्र में तापमान में एक से डेढ़ डिग्री सेल्सियस का फर्क होता है। हरितिमा से अच्छादित इस्पातनगरी में कम हरियाली वाले पटरीपार की तुलना में गर्मी थोड़ी कम पड़ती है। पर्यावरण से जुड़े लोगों के मुताबिक भिलाई प्रदेश का एकमात्र और देश के कुछ चुनिंदा शहरों में शुमार है,जहां अलग अलग टेंपरेचर होता है।

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

उल्लेखनीय है कि टाउनशिप में चारों ओर हरियाली होने के कारण इस आधा शहर की ग्रीन सिटी क्लीन सिटी के रुप में पहचान है। साठ के दशक में भिलाई इस्पात संयंत्र की स्थापना के बाद प्रदूषण से राहत यानी पर्यवारण संतुलन के लिए इस समूचे रिहायशी क्षेत्र को ग्रीन बेल्ट के रुप में विकसित किया गया। भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन द्वारा प्लांट के अंदर और सभी सेक्टरों में साठ साल पूर्व शुरु किया गया पौधरोपण अभियान अनवरत रुप से अब तक चल रहा है। इसके तहत यहां अब तक 23 लाख पेड़ लगाए गए हैं। प्लांट, टाउनशिप और खनि क्षेत्रों को मिलाकर पचास लाख से अधिक पेड लगे हैं। टाउनशिप में लाखों पेड़ों के होने से यह शहर जंगल में शहर है कि शहर में जंगल है, गुमां ही नहीं होता। चारों ओर हरितिमा होने से सेक्टरी इलाके में हर साल गर्मी के मौसम में चार महीने अन्य शहरों की तुलना में गर्मी थोड़ी कम पड़ती है। एक ही शहर यानी पटरी पार नगर निगम के इलाके में तापमान एक से डेढ़ डिग्री अधिक होता है। जबकि टाउनशिप इतना ही ठंडा रहता है। बीएसपी के महाप्रबंधक और उद्यानिकी विभाग के प्रमुख डां. एनके जैन बताते हैं कि बीएसपी क्षेत्र में लाखों पेड़ों के लगे होने से यहां एक से दो डिग्री चेंपरेंचर कम होता है। टाउनशिप में 23 लाख व खनि क्षेत्र मिलाकर कुल 54 लाख पेड़ लगाए गए हैं। यह उद्यानिकी विभाग की वर्षों की मेहनत का परिणाम है। हर साल पर्यावरण दिवस 5 जून से पौधरोपण अभियान पर पौधे लगाए जाते हैं। पटरीपार के निगम क्षेत्र में भी टाउनशिप की तरह सघन पौधरोपण बढ़ाने से गर्मी से राहत मिलेगी। विदित हो कि पटरीपार के अधिकतर रिहायशी इलाके में बहुत कम पेड़ है। यहां कांक्रीट के जंगल यानी दो से पांच मंजिला फ्लैटों,मकानों, शापिंग काम्पलेक्स आदि के चलते बेहद सघन है। टाउनशिप की तरह खुला और हवादार स्पेस भी नही है। वहीं औद्योगिक क्षेत्र के तीन सौ उद्योगों के कारण भी इनस लगे वार्डों में गर्मी अधिक पड़ती है।



### उद्यानिकी व वन विभाग की मुहिम का असर

टाउनशिप में पिछले पचास साल से बीएसपी के उद्यानिकी विभाग द्वारा हर साल बरसात के मौसम में हजारों पौधे लगाए जाते हैं। इसके अलावा विभिन्न विशेष आयोजनों पर भी परिसरों में पौधरोपण किया जाता है। आम लोगों ने भी अपने घरों में पौधे लगा रखे हैं। इसके अलावा वन विकास निगम के साथ भी अभियान चलाकर वर्षों से बीएसपी पौधोरोपण करते आ रहे है। यहां सभी सेक्टरों में 23 लाख पेड़ लगे हैं। मैत्रीबाग और भिलाई इस्पात संयंत्र के अंदर भी हजारों पेड़ लगाए गए हैं। इस कारण यहां गर्मी के मौसम में गर्मी के साथ प्रदूषण से भी राहत और माहौल सुकूनभरा होता है। उल्लेखनीय है कि तालपुरी रोड पर नर्सरी रोपडी वाले क्षेत्र मड़ौदा सेक्टर, ग्लोब चौक रोड, सेंट्रल एवेन्यू के किनारे के सेक्टर 10, 5, 2, 6 , व 1 आदि सड़क से लगे सेक्टर में तापमान कम होता है। यहां ठंड के मौसम में ठंडी भी अधिक पडती है। पौधरोपण मुहिम से जुड़े बीएसपी कर्मी वीके चौधरी बताते हैं कि पटरीपार इलाके से हम जैसे ही चंद्रामौया या प्रियदशी अंडरब्रिज से टाउनशिप में प्रवेश करते हैं ठंडी हवा के झोंको से वास्ता होता है। जबकि विपरीत दिशा में जाने पर अधिक गर्मी महसूस होती है।

### हरियाली में हजारों परिंदों की चहचहाहट

सघन हरीतिमा वाले बीएसपी टाउनशिप में लगाए गए लाखों पेड़ों में अधिकतर फलदार और छायादार हैं। इसके चलते आक्सीजन ओरियंटेड होने के साथ खूबसूरती और पक्षियों प्राकृतिक अधिवास भी हैं। यहां आम, जाम, अमरुद, इमली, आंवला, बेर, गंगा इमली, कटहल, गुड़हल, काजू जैसे हजारों पेड़ हैं तो दूसरी ओर नीम, आमलतास, शीशम, गुलमोहर, पाम, सागौन, शाल, पलाश, महुआ,पीपल,बरगद आदि के भी लाखों पेड़ लगे हैं। मैत्रीबाग के प्रभारी डां. जैन बताते हैं कि हरियाली के कारण टाउनशिप में तोते, कोयल, कौए, नीलकंठ, कबूतर, पड़की, टिटहरी, गिलहरी गोह, नेवला, तितली, आदि कई प्रजाति के हजारों पक्षियों और जीवों के बसेरे भी हैं। यहां बाहर के भी कुछ परिंदे आते हैं। टाउनशिप की तरह पटरी पार में भी नगर निगम, निजी उद्योगों व सामाजिक संगठनों को अभियान चलाकर सघन पौधरोपण किये जाने की जरुरत है। पर्यावरण मित्र बालूराम वर्मा बताते हैं कि टाउनशिप में लंबे समय से पौधरोपण कर रहे हैं। गर्मी के दिनों में सूखते पौधों को सींच भी रह हैं। पटरीपार क्षेत्र को भी इसी तरह हराभरा बनाने की जरुरत है।

# सुशासन शिविर में 26 युवाओं का बना लर्निंग लाइसेंस



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

नगर पालिक निगम रिसाली के पुरैना सुशासन शिविर में कलेक्टर अभिजीत सिंह के प्रयास से 29 साल के युवक देवेन्द्र कौशल का आधार कार्ड बन पाया। देवेंद्र दृष्टि बाधित है। कई बार प्रयास करने के बाद भी तकनीकी कारणों से आधार कार्ड नहीं बन पा रहा था। शिविर में हितग्राही के अपील पर कलेक्टर अभिजीत ने आधार कार्ड बनाने अधिकृत एजेंसी से संवाद कर शिविर स्थल पर ही दो बच्चों के पिता देवेन्द्र का आधार कार्ड बनवाया।

शिविर में कलेक्टर अभिजीत सिंह न केवल स्टॉल तक पहुंचे, बल्कि समस्या मूलक आवेदन लेकर स्थल तक पहुंचने वाले नागरिकों से चर्चा भी की। उन्होंने पेयजल, पट्टा और अतिक्रमण से संबंधित आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। अधिकारियों को निर्देश दिए कि आवेदन की गंभीरता को समझे और उसका निराकरण करे। शिविर में कलेक्टर ने मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाकर तत्काल आवेदन कर्ता को उपलब्ध कराया।

### दृष्टिबाधितों को मिला नया आधार कार्ड

सुशासन 2026 के शिविर में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने पुरैना के 26 युवाओं को लर्निंग लाइसेंस सौंपा। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर शिविर में समस्या मूलक आवेदन लेकर पहुंचे लोगों से चर्चा कर समस्याओं से अवगत हुए। इस दौरान उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा लगाए स्टॉल का निरीक्षण करते महतारी वंदन योजना के तहत केवाईसी कराने वाले हितग्राहियों से चर्चा की। विधायक ने परिवहन विभाग द्वारा लगाए स्टॉल तक पहुंचे और 26 युवाओं को शिविर में बनाए गए लर्निंग लाइसेंस को सौंपा। उन्होंने शिविर में पहुंचे नागरिकों से वन टू वन चर्चा की। इसके अलावा ललित चंद्राकर ने गोद भराई रस्म में शामिल हुए। वहीं आयुक्त मोनिका वर्मा ने बालिकाओं को स्वच्छता कीट का वितरण की। शिविर में सभापति केशव बंछोर, रंजीता बेनुआ आदि मौजूद थे।

## भिलाई में आए 535 आवेदन

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय परिसर में सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जोन-1 नेहरू नगर अंतर्गत आने वाले विभिन्न वार्डों के नागरिक शामिल हुए। शिविर में कुल 535 आवेदन नागरिकों ने दिए हैं। इसमें 338 मांग और 197 शिकायत हैं।



जिसका त्वरित निराकरण किया जायेगा। सुशासन तिहार शिविर में वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, कलेक्टर अभिजीत सिंह एवं आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय उपस्थित रहे। जहां शासन की महत्वकांक्षी योजनाओं जैसे- प्रधानमंत्री आवास, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, पेंशन, स्वास्थ्य सेवा, आयुष सेवा, महिला एवं बाल विकास, वन एवं जलवायु, राष्ट्रीय शहरी अजीविका मिशन, उज्ज्वला, संपत्तिकर एवं अन्य योजनाओं के काउंटर लगे हुए है। शिविर में नागरिकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन जमा किए तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु भी आवेदन प्रस्तुत किए। निगम के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहकर नागरिकों की समस्याओं को सुनते हुए आवेदन प्राप्त किए और निराकरण की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। शिविर के माध्यम से आम नागरिकों को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागीय सेवाओं एवं योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई गई। निगम प्रशासन द्वारा नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण कर उन्हें बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह आयोजन किया गया।

## कृषि पंपों के लिए लगा ट्रांसफार्मर, किसानों को मिलेगी निर्बाध बिजली

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

खरीफ फसल की बुवाई को देखते हुए अहिवारा संभाग के 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र कन्हारपुरी में 3.15 एमवीए का अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर सफलतापूर्वक चार्ज किया गया। इससे क्षेत्र के किसानों को सिंचाई के लिए बिजली कमी नहीं होगी।



विभाग ने कृषि पंपों के लिए अलग ट्रांसफार्मर की व्यवस्था की है। इससे उपकेंद्र पर पड़ने वाले अतिरिक्त भार का प्रबंधन बेहतर तरीके से होगा और कृषि उपभोक्ताओं को ओवरलोडिंग और लो-वोल्टेज जैसी समस्याओं से स्थाई मुक्ति मिलेगी। इस सुदृढ़ीकरण से धमधा वितरण केंद्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम कन्हारपुरी, जातघर्रा, परसबोड़, खपरी, धरमपुरा, बिरझापुर और बसनी के लगभग 876 कृषि उपभोक्ता अब उचित वोल्टेज के साथ निर्बाध बिजली प्राप्त कर सकेंगे। पूर्व में यहां 3.15 एमवीए और 5 एमवीए के ट्रांसफार्मर स्थापित हैं, जिनमें अब इस नई इकाई के जुड़ने से कुल क्षमता में बड़ा इजाफा हुआ है। इस दौरान एचके मेश्राम, एसके राय, डीके भारती, टीएल सहारे उपस्थित थे।

## पानी की समस्या को लेकर आप का प्रदर्शन कल

**भिलाई।** भिलाई नगर में व्याप्त जल संकट को लेकर आम आदमी पार्टी द्वारा 11 मई सुबह 12 बजे नगर निगम कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया जाएगा। जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष जसप्रीत सिंह ने कहा कि निगम द्वारा सप्लाई किया जा रहा पानी पीने योग्य नहीं, बल्कि बीमारियों का स्रोत बन चुका है। नलों से बदबूदार और गंदा पानी आ रहा है, जिसके कारण शहर के कई हिस्सों में पीलिया तेजी से फैल रहा है। लोगों के स्वास्थ्य के साथ यह खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# शास्त्री अस्पताल के डेंटल विभाग में 10 दिनों से इलाज ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

सुपेला स्थित लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल के डेंटल विभाग की व्यवस्था इन दिनों पूरी तरह चरमराई हुई है। विभाग में पदस्थ दोनों डॉक्टरों के छुट्टी पर चले जाने से पिछले करीब 10 दिनों से दांत से संबंधित उपचार बंद पड़ा है। हालत यह है कि रोजाना पहुंचने वाले मरीजों को बिना इलाज के वापस लौटना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार डॉ. अंजली सिंह विगत 1 अप्रैल से अवकाश पर हैं। उनके छुट्टी पर जाने के बाद डॉ. राधा रानी मरीजों की जिम्मेदारी संभाल रही थीं। इसी दौरान दुर्घटना में पैर में चोट लगने के कारण उन्हें भी छुट्टी लेनी पड़ी। बताया जा रहा है कि 1 मई से अस्पताल में दांत से संबंधित नियमित उपचार पूरी तरह बंद पड़ा है। वर्तमान में डेंटल विभाग केवल एक डेंटल असिस्टेंट डॉली साहू के भरोसे संचालित हो रहा है।

### अपॉइंटमेंट लेकर पहुंचे लोग भी लौटे खाली हाथ

डेंटल विभाग में डॉक्टरों की अनुपस्थिति के कारण मरीजों की परेशानी बढ़ गई है। हालत यह है कि जांच के बाद पहले से अपॉइंटमेंट दिए गए मरीजों को भी अस्पताल से बेरंग लौटना पड़ रहा है। पिछले करीब 10 दिनों से यही स्थिति बनी हुई है। शहर के दूरदराज इलाकों से दांत संबंधी उपचार और जांच के लिए बड़ी संख्या में मरीज अस्पताल पहुंच रहे हैं, लेकिन डॉक्टर उपलब्ध नहीं होने के कारण उन्हें बिना इलाज वापस लौटना पड़ रहा है। मरीजों का कहना है कि अस्पताल पहुंचने में समय और पैसा दोनों खर्च हो रहा है, इसके बावजूद उपचार नहीं मिल पा रहा है। डेंटल विभाग में नए मरीजों की पर्ची काटना भी बंद कर दिया गया है। इससे पहली बार इलाज के लिए आने वाले मरीजों को सीधे वापस किया जा रहा है। सामान्य दवा देकर मरीजों को लौटाया जा रहा है।

### फिलिंग से लेकर रूट कैनाल तक सब बंद

डोंटर विभाग में उपचार संबंधी अन्य सभी महत्वपूर्ण सेवाएं बंद है। अस्पताल में दांतों की जांच, एक्स-रे, दांतों की फिलिंग, सड़े या टूटे दांत निकालना, रूट कैनाल ट्रीटमेंट, मसूड़ों की बीमारी का इलाज, दांतों की सफाई और स्केलिंग जैसी सुविधाएं पूरी तरह प्रभावित हो गई हैं। इससे गरीब और मध्यमवर्गीय मरीजों को सबसे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ रही है, क्योंकि निजी क्लीनिकों में इलाज काफी महंगा है।

### की गई है वैकल्पिक व्यवस्था

वैकल्पिक व्यवस्था के तहत खुर्सीपार से दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रसन्ना सोनी को बुलाया गया है। सोमवार से दंत रोग से संबंधित सभी जांच व उपचार शुरू कर दी जाएगी। -डॉ. **पीयाम सिंह, प्रभारी,** सिविल अस्पताल सुपेला

## पेज 9 का शेष

### प्राचार्यों पर कार्रवाई के ...

60 प्रतिशत से किसी मे 80 प्रतिशत से भी ऊपर आये हैं मगर फिर भी उन कक्षाओं में पिछले साल से कम परिणाम आने की दलील देकर उन स्कूल के प्राचार्यो पर कार्यवाही की गई है। जबकि इस वर्ष प्रदेश के अधिकांश जिलों में जिला प्रशासन और जिला शिक्षाधिकारियो ने स्वयं ही साल भर तैयारियों की कमान खुद सम्भाल रखी थी। मासिक टेस्ट, त्रैमासिक, अर्धवार्षिक व प्री बोर्ड के प्रश्नपत्र भी जिला द्वारा भेजा गया, यहां तक कि प्रश्नबैंक भी जिला प्रशासन द्वारा स्कूलों को दिया गया और उसके अनुरूप तैयारी करने के निर्देश दिए गए।

### मकान का ताला तोड़कर ...

किया तो कपडा के नीचे दबा कर रखे नगदी रकम 1,35,000 रूपये नही था, उक्त रकम को किसी अज्ञात चोर के द्वारा 03 मई के रात्रि 11.00 बजे से दिनांक 04 मई के प्रातः 08 बजे के मध्य मेरे किराये के मकान के शटर में लगे ताला को तोडकर अंदर प्रवेश कर आलमारी का लॉक को तोडकर अंदर रखे 1,35,000 रूपये को चोरी कर ले गया है।

### खड़े ट्रक दो ...

मामले की संपूर्ण जांच कर दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने की मांग की है। शहर में लगातार बढ़ रही बैटरी चोरी की घटनाओं से वाहन मालिकों में चिंता बढ़ गई है। खासकर माइंस क्षेत्र की गाड़ियां रात में सड़कों किनारे खड़ी रहती हैं, जिन्हें चोर आसानी से निशाना बना रहे हैं। बैटरी के साथ-साथ बैटरी टर्मिनल चोरी की घटनाएं भी आम होती जा रही हैं। लोगों का कहना है कि चोरी की घटनाओं पर मजबूत कार्रवाई नहीं होने से चोरों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। नगर पुलिस अधीक्षक विकास पाटले ने कहा कि बैटरी चोरी की शिकायतों को गंभीरता से लिया जा रहा है। पुलिस संदिग्धों पर नजर रख रही है तथा जल्द ही आरोपियों को पकड़ने का प्रयास किया जाएगा।

### डेढ़ लाख के कॉपर ...

12.30 बजे तक लगा हुआ था। जिसे दिनांक 04 मई के सुबह 11.00 बजे बिरेन्द्र कुमार परीक्षण सहायक श्रेणी ग्रेड 01 के द्वारा देखने पर नहीं था जिस संबंध में मुझे फोन के माध्यम से बताये कि यार्ड में लगे आईसोलेटर कॉपर राड नहीं था जिसे कोई अज्ञात चोर घेरा जाली तार को काटकर 04 मई के रात्रि करीबन 12.30 बजे से 04 मई के सुबह 11.00 बजे के मध्य चोरी कर ले गया है।

### पुरानी रंजिश में ...

मे खरोच लगा है व मेरे दाहिने हाथ एवं पेट मे दर्द हो रहा है। मारपीट से मेरे पिता जी के शरीर मे दर्द है। पीड़ित की रिपोर्ट पर चार लोगो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। जिसके बाद पुलिस ने चार लोगो के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## खबर संक्षेप

### प्रिया आठवीं में प्रथम

**पटेवा।** पूर्व माध्यमिक शाला विजयतला की छात्रा प्रिया साहू आत्मज डोमार साहू ने कक्षा आठवीं में 91.50 अंक अर्जित कर प्रथम प्राप्त किया।



उर्वशी ने 90.60 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। तृतीय स्थान पर पीयूष कोसरे रहे। परीक्षा प्रभारी लोचनलाल साहू ने बताया कि परीक्षा में शामिल 34 में से 18 बच्चे ए ग्रेड, 16 बी ग्रेड से उत्तीर्ण हुए। इसी प्रकार कक्षा पांचवीं में सभी 40 बच्चे उत्तीर्ण हुए। शाला में जान्हवी प्रथम, याचना द्वितीय स्थान पर रही। सभी उत्तीर्ण बच्चों को पुरषोत्तम कंवर, रामनरेश साहू, लतमार साहू, फूलसिंह मंडावी, पुहुपराम धुर्वे, प्रवीण गायकवाड़, लोचन साहू, रूपेश वर्मा, सुभाष साहू, लखन साहू ने बधाई दी है।

### शत-प्रतिशत रहे परीक्षा परिणाम

**तुमडीबोड़।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में गत दिनों परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। संस्था का परिणाम शत प्रतिशत रहा। कक्षा अरुण से



प्रथम भानैश साहू, प्रियांश साहू, द्वितीय शौर्य वर्मा, कक्षा उदय में प्रथम सांची साहू, द्वितीय महान वर्मा, कक्षा प्रथम में प्रथम हर्षिका साहू, अंशु पटेल, द्वितीय प्रियांशी पटेल, सोनम कुर्र, कक्षा द्वितीय में प्रथम भव्या धुर्वे, द्वितीय प्रतीक साहू, कक्षा तृतीय में प्रथम आराध्या निर्मलकर, द्वितीय टुमेश बंजारे, कक्षा चतुर्थ में प्रथम ओंकार साहू, द्वितीय दर्शदीप पटेल, कक्षा पंचम में प्रथम कृतिका वर्मा, द्वितीय स्मृति कंवर रही। पूर्व माध्यमिक की कक्षा षष्ठ में प्रथम भावना बंजारे, द्वितीय उर्वशी वर्मा, सप्तम में प्रथम लेखिका पटेल, द्वितीय इशा कुर्रे, कक्षा अष्टम में प्रथम रश्मि ठाकुर, द्वितीय वंश वर्मा रहे। प्रबंध समिति एवं स्टाफ ने बच्चों को बधाई दी है।

### आठवीं में करण और पांचवी में खुशी अव्वल

**उरईडबरी।** स्थानीय नवीन सरस्वती ज्ञान मंदिर में कक्षा पांचवीं और आठवीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। कक्षा पांचवीं में खुशी 96.50 प्रतिशत, कुसुमलता 95, भाग्यश्री 95, काम्या चेलक 94.50, यशिका रजक 92.50, सुमन साहू 91, केजल साहू 90, विवेक वर्मा 89, तुलसी साहू 88.50, पूरबदास साहू 88, मनीष वर्मा 86.50 प्रतिशत अंक के साथ सफल हुए। इसी प्रकार कक्षा आठवीं में करण साहू 93 प्रतिशत, लीकेश रजक 90, भूपेश 84.83, डोमेंद्र साहू 83.17, चैतन्य वर्मा 81.83, मोनिका 81.83, भवी 81.83, नम्रता 80.83, खुशबू 80.67, संजू साहू 79.50, संजना 79.17, कीर्ति ने 78.50 फीसदी अंक प्राप्त किए। विद्यालय संचालक एसपी सिन्हा, निर्देशक टीआर पटेल, प्रधानाचार्य सोहनदास साहू, भरत यादव, शेखर कंवर, दुर्गेश्वरी वर्मा, कमलेश टेम्बुकर, हरीश वर्मा, मिथलेश साहू, हिना साहू, रेणुका साहू, रेशमा वर्मा, जीतेश्वरी, काजल साहू ने बधाई दी है।

### भोलापुर स्कूल का परीक्षा परिणाम बेहतर

**छुरिया।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोलापुर में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की परीक्षा का परिणाम बेहतर रहा। प्राचार्य कमलेश्वर देवांगन



ने बताया कि इस वर्ष दसवीं की परीक्षा में 67 में से 65 उत्तीर्ण हुए। प्रथम श्रेणी में 19, द्वितीय 43, तृतीय श्रेणी में 3 रहे। परिणाम 97 प्रतिशत रहा। शाला की ओमेश्वरी 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, जगेंद्र साहू ने 86 प्रतिशत लेकर द्वितीय और पूनमचंद ने 79 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। इसी प्रकार बारहवीं कला संकाय में तन्नू सेन प्रथम, निखिल द्वितीय और कुंदन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय में गुलेश्वरी प्रथम, मधु द्वितीय और खिलेश्वरी तृतीय स्थान पर रही। विज्ञान संकाय में युवराज प्रथम, पुष्पा राजपूत द्वितीय और रमेश कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। परीक्षा में शामिल 87 में से 80 उत्तीर्ण हुए। परिणाम 93 प्रतिशत रहा।समस्त छात्र छात्राओं को शीशपाल साहू, रमेश मंडलोई, योगिता मंडलोई, रामेश्वर नेताम, गौतम साहू, लक्ष्मी नारायण सिंह, कन्हैया टेमरे, उर्वशी साहू, वर्षा बोरकर, नेहा त्रिपाठी, नेहरूलाल बंजारे, देविका देवांगन, तारिणी नायक, ओंकार सिंह सलामे आदि ने बधाई दी है।

### जस झांकी का कार्यक्रम 21 को

**पटेवा।** ग्राम में आगामी 21 मई को पंचायत एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में दाईं के दुलरवा नवरत्न जस झांकी परिवार पटपर का कार्यक्रम रात्रि 8 बजे से मानस मंच प्रांगण में रखा गया है। सरपंच लक्ष्मी रविलाल वर्मा, उपसरपंच विरेन्द्र हिरवानी ने उपस्थिति की अपील की है।

### तीन वार्ड में पेयजल संकट

**खड़गांव।** ग्राम के तीन वार्ड के ग्रामीण इन दिनों गंभीर पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। पंच निर्भय साहू, सुभिया निषाद और सरिता जुरेसिया ने बताया कि शांति नगर में पेयजल व्यवस्था पूरी तरह से ठप है। लगातार शिकायत करने के बाद भी पेयजल समस्या के समाधान के लिए पहल नहीं की जा रही है। पंच निर्भय साहू ने आरोप लगाया कि शांति नगर के साथ सौतेला व्यवहार करते हुए शिकायत की अनदेखी किया जा रहा है। सरपंच रमिला ध्रुवे ने बताया कि सभी वार्डों में पेयजल को लेकर बराबर काम किया जा रहा है। शांति नगर वार्ड से कोई शिकायत नहीं आई है और अगर कोई समस्या है तो स्वयं पंच उस काम को कराए जिसमें उन्हे पूरा सहयोग दिया जाएगा।

### सीसी रोड का भूमिपूजन

**पटेवा।** ग्राम रीवागहन के शीतला पारा में सीसी रोड का भूमिपूजन



विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने किया। विधायक के गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस मौके पर श्रीमती बघेल ने भाजपा सरकार पर हमला करते हुए किसान विरोधी करार दिया। उन्होंने कहा कि खाद की किल्लत अभी से होने लगी है। सोसायटी से किसानों को कम मात्रा में खाद दिया जा रहा है। उन्होंने सर्व समाज सामुदायिक भवन के लिए 6.50 लाख देने की घोषणा की। इस अवसर पर पुसऊराम वर्मा, सरपंच अक्षय पटेल एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## प्रशासन की मौन सहमति से रेत का खनन

# जंगली नालों का अस्तित्व खत्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क चिरचारी

दक्षिण बोरतलाव परिक्षेत्र के फत्तेगंज सर्किल अंतर्गत आने वाला कोहलाकसा जंगल अधिकारियों की घोर लापरवाही की भेंट चढ़ गया है। वर्षों से चल रहे संगठित अवैध रेत उत्खनन ने यहाँ के प्राकृतिक नालों का अस्तित्व मिटा दिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग की आंखों के सामने नालों के सीने को छलनी किया गया, जिससे यह नाले पूरी तरह रेत विहीन होने के कगार पर आ गए हैं।

उल्लेखनीय है कि पर्यावरण संरक्षण के नाम पर करोड़ों खर्च किया जा रहा है, वहीं जमीनी हकीकत यह है कि ऊंचे पदों पर बैठे अफसरों के संरक्षण में जंगल की संपदा को खुलेआम लूटा जा रहा है। इस काले कारोबार ने प्रशासनिक तंत्र की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिया हैं। निस्तारी के लिए जंगल पर निर्भर ग्रामीणों में इस बात को लेकर गहरा आक्रोश है कि जंगल की रेत को माफियाओं ने बाहर बेच दिया, जबकि गाँव के विकास कार्यों के लिए रेत उपलब्ध नहीं कराई गई। ग्रामीणों का कहना है कि रेत की तस्करी से माफियाओं और अधिकारियों की जेब तो भर गईं, लेकिन गाँव के बुनियादी ढांचे के लिए एक ईंट तक नहीं लग सका।



**खोखला हुआ कोहलाकसा नाला**

कोहलाकसा के सूखे और खोखले हो चुका नाला इस बात का प्रमाण हैं कि किस तरह स्थानीय हक पर डकैती डाला गया है। विडंबना यह है कि जब कोहलकसा के जंगल को लूटा जा रहा था, तब जिम्मेदार अधिकारी वातानुकूलित कमरों में बैठकर जंगल बचाओ की कागजी रणनीतियां बनाने में मशगुल थे। कुर्सियों पर बैठकर बनाई गई यह योजनाएं कितनी खोखली हैं, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जिस अवैध उत्खनन की जानकारी गाँव के बच्चे-बच्चे को थी, उसकी भनक वर्दीधारी अफसरों को नहीं लगी।

### मैं चार्ज में नहीं था

जब डिप्टी रेंजर से इस संबंध में जानकारी लिया गया तो उन्होंने कहा कि मै छह महीने चार्ज में नहीं था। ट्रेनिंग में आए अफसरों के पास चार्ज था। डिप्टी रेंजर का ट्रेनिंग का बहाना महज एक पैंतरा नजर आता है, क्योंकि ग्रामीणों के अनुसार यह खेल वर्षों से चल रहा है। यह स्पष्ट है कि बिना अफसरों की संलिप्तता के जंगल की वन संपदा का दोहन मुमकिन नहीं है।

### जांच और कार्रवाई की मांग

कोहलाकसा नाला अंतिम सांसे ले रहा हैं। समय रहते अवैध उत्खनन के सिंडिकेट को नहीं तोड़ा गया, तो आने वाली पीढ़ियां इस प्राकृतिक तबाही के लिए वर्तमान प्रशासन को माफ नहीं करेंगी। ग्रामीणों की मांग है कि इस मामले की उच्च स्तरीय जांच कर दोषी अधिकारियों पर दंडात्मक कार्रवाई की जाए।

### प्रशासनिक अमला असफल

भारतीय वन अधिनियम 1927 और पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के तहत वनों की सुरक्षा करना अधिकारियों का प्राथमिक कर्तव्य है। नियमों के मुताबिक वन क्षेत्र के भीतर किसी भी प्रकार का उत्खनन गैर-कानूनी है और इसके लिए सख्त कारावास व जुर्माने का प्रावधान है। यदि स्थानीय अमला जिम्मेदारी निभाने में विफल रहता है, तो यह सीधे तौर पर कर्तव्य की अवहेलना की श्रेणी में आता है।

## सूर्यघर बिजली योजना से प्रवीण का घर रोशन

**राजनांदगांव।** जिले में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। राजनांदगांव शहर के बजरंगपुर नवागांव वार्ड क्र. 1 निवासी प्रवीण कुमार मिश्रा इस योजना का लाभ लेकर न केवल अपने घर का बिजली खर्च शून्य करने में सफल हुए हैं, बल्कि अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणा बनकर उभरे हैं।

श्री मिश्रा ने बताया कि उनके परिवार में तीन सदस्य हैं। पहले उनके घर का मासिक बिजली बिल लगभग 900 से 1000 रुपए तक आता था, जो गर्मी के मौसम में और अधिक हो जाता था। उन्होंने 17 जनवरी 2026 को अपने घर की छत पर 3 किलोवाट क्षमता का सोलर रूफटॉप सिस्टम स्थापित कराया। इसके बाद से पिछले तीन महीनों से उनका बिजली बिल पूरी तरह शून्य हो गया है। उन्होंने बताया कि इस योजना अंतर्गत उन्हें केंद्र एवं राज्य शासन से कुल 1 लाख 8 हजार रुपए की सब्सिडी प्राप्त हुई। जबकि शेष 81 हजार रुपए उन्होंने स्वयं निवेश किए। इसके लिए उन्होंने बैंक से ऋण लिया है, जिसे वे आगामी 3 वर्षों में चुका देंगे।

श्री मिश्रा के अनुसार उनका सोलर सिस्टम प्रतिदिन लगभग 18 से 19 यूनिट बिजली का उत्पादन कर रहा है। जबकि उनके घर की खपत करीब 10 यूनिट है। इस प्रकार प्रतिदिन 8 से 9 यूनिट अतिरिक्त बिजली ग्रिड में जा रही है।

## नहीं बन रहा जाति प्रमाण पत्र, मंत्री से की शिकायत



**डोंगरगढ़।** भीम मानव कल्याण संगठन के अध्यक्ष चंद्रशेखर बोरकर के नेतृत्व में शहर के युवाओं ने छत्तीसगढ़ के अनुसूचित जाति विकास विभाग के मंत्री खुशवंत साहब से मुलाकात कर जाति प्रमाण पत्र बनवाने में आ रही कठिनाईयो से अवगत कराया।

उन्हें बताया कि शासन के दिशा निर्देशों की अवहेलना अधिकारियों द्वारा की जा रही है, जिससे युवा जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए भटक रहे हैं। मंत्री से भेंट कर समस्या का निराकरण करने का अनुरोध किया गया। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व पिछड़ा वर्ग अधिनियम 2013 के तहत ग्राम सभा एवं निकायों के प्रस्ताव को आधार बनाकर प्रमाण पर जाति प्रमाण पत्र जारी किया जा सकता है किन्तु अधिकारी मनमानी करते हुए लोगों को परेशान कर रहे है और एससी, एसटी से 1950 के पूर्व एवं ओबीसी से 1984 के पूर्व के दस्तावेजों की मांग कर रहे है जो नियम की अवेलहना है।

### पैदा हुए फिर भी दस्तावेज मांग रहे

शहर के देवेंद्र वाल्दे, जयदीप मेश्राम, गणेश गजभिये, विशाल जाम्बुलकर ने बताया की उनका जन्म छत्तीसगढ़ में ही हुआ है। उनके माता - पिता भी यही रहते थे। वह पढ़े-लिखे नहीं थे इसलिए उनके पास 1950 के पूर्व के दस्तावेज उपलब्ध नहीं है परंतु, छत्तीसगढ़ राज्य बनने के पूर्व के दस्तावेज उनके पास उपलब्ध है, इसके बाद अधिकारी जाति प्रमाण पत्र जारी नहीं कर रहे हैं। इस अवसर पर विनायक मेश्राम, दिनेश साखरे, अमित सहारे, रवि ऊके, शंकर सोनटक्के, देवेंद्र वाल्दे, जयदीप मेश्राम, विशाल जाम्बुलकर, बादल वाल्दे, हेमंत अम्बादे सहित अन्य उपस्थित थे।

### गली में कीचड़ से परेशानी

**मुरमुंदा।** ग्राम मुरमुंदा के वार्ड नंबर 3 में पानी निकासी का अपेक्षित प्रबंध नहीं होने से कीचड़ हो गई। वार्डवासियों ने बताया कि गली में कीचड़ होने की शिकायत पंच सरपंच से कोई कई बार कर चुके हैं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। नाली भी कीचड़ से भर गई है। नाली की सफाई नहीं होने से बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है।



## विहिप अध्यक्ष से सौजन्य मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष सोन कुमार सिन्हा ने विश्व हिंदू परिषद के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर वर्मा से सौजन्य मुलाकात कर विभिन्न समसामयिक विषयों पर विस्तृत चर्चा की।

यह मुलाकात पंडरिया में महर्षि नारद मुनि जयंती कार्यक्रम के दौरान हुई। इस मौके पर देश, धर्म, समाज और वर्तमान सामाजिक परिस्थितियों पर विचार किया गया। मुलाकात के दौरान उन्होंने विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार साझा किए। चर्चा का मुख्य केंद्र राष्ट्र निर्माण में समाज की भूमिका, युवाओं की भागीदारी, भारतीय संस्कृति एवं सनातन परंपराओं के संरक्षण तथा सामाजिक समरसता जैसे विषय शामिल थे। श्री वर्मा ने कहा कि देश और धर्म की रक्षा केवल नारों से नहीं,




बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग की सक्रिय सहभागिता से संभव है। उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता इस बात की है कि युवा पीढ़ी भारतीय संस्कृति, संस्कार और अपने गौरवशाली इतिहास को समझे तथा समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करे। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट यूनियन राजनादगांव के अध्यक्ष दिनेश निषाद सहित अन्य मौजूद थे।

## प्रभारी के बयान पर भड़के भाजपा नेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

शहर मंडल भाजपा की रेस्ट हाउस में आयोजित बैठक में भाजपा प्रभारी के दिए गए बयान ने तूल पकड़ लिया है।

बैठक में कार्यकर्ताओं को गुटबाजी से दूर रहने की सलाह देते हुए प्रभारी ने नगर पालिका अध्यक्ष को कारण बताओ नोटिस देने की बात कही, जिस पर वरिष्ठ नेताओं और पार्षदों ने नाराजगी जताई है। वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि पालिका अध्यक्ष और पार्षद भाजपा की शान हैं।

सोशल मीडिया के माध्यम से प्रभारी को समझाइश देते हुए उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की भावनाओं को अच्छी तरह समझें। कार्यकर्ताओं ने अतिथि देवो भवः की परंपरा का पालन करते हुए उनकी बातें सुनीं।

### गुटबाजी के लिए बाहरी जिम्मेदार

वरिष्ठ नेताओं ने गुटबाजी पर कहा कि वह कार्यकर्ताओं की देन नहीं है। चुनाव के समय बाहर से आने वाले दावेदारों के कारण गुटबाजी होती है। जब किसी एक को टिकट मिलती है तो बाकी विरोध में सक्रिय हो जाते हैं।

### पद का रौब न दिखाएं प्रभारी

प्रभारी द्वारा केंद्र तक पहुंच होने की बात पर कार्यकर्ताओं ने स्पष्ट कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह का सम्मान करते हैं क्योंकि वह सरकार की धुरी हैं। कार्यकर्ताओं ने कहा कि वह पार्टी के जिम्मेदार सिपाही हैं, किसी की चापलूसी नहीं करते। नेताओं ने अंत में कहा कि भविष्य में भी प्रभारी का स्वागत है, लेकिन वह अपनी मर्यादा और कार्यकर्ताओं की इज्जत का विशेष ध्यान रखे।

### प्राइवेट लिमिटेड कंपनी नहीं भाजपा

सोशल मीडिया पर वायरल पोस्ट में वरिष्ठ नेताओं ने सीधे शब्दों में कहा कि भाजपा प्राइवेट लिमिटेड कंपनी नहीं है। उन्होंने प्रभारी की भूमिका पर सवाल उठाते हुए पूछा कि उन्होंने जनहित में कितने कार्य किए हैं। नेताओं ने आरोप लगाया कि कुछ नेताओं के आशिर्वाद और चाटुकारिता के सहारे आगे बढ़ने वाले लोग कार्यकर्ताओं पर दबाव बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि रायपुर और राजनांदगांव के कई नेता डोंगरगढ़ को जानते हैं, लेकिन उन्होंने कभी अमर्यादित व्यवहार नहीं किया।

## जनसेवा ही भाजपा का ध्येय: गांधी

### मासिक बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

मंडल भाजपा की मासिक बैठक गत दिनों आयोजित की गई। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के आव्हान पर प्रत्येक मंडल पर प्रति माह बैठक आयोजित की जाएगी।

बैठक मे आगामी कार्यक्रमों, संगठनात्मक गतिविधियों एवं जनहित के विषयों पर सार्थक चर्चा की गई। बैठक की शुरूवात जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी ने पूजा अर्चना कर की। इस मौके पर श्री गांधी ने कहा कि यह बैठक संगठन को नई ऊर्जा, मजबूती एवं कार्यकर्ताओं को दिशा प्रदान करेगी। संवाद और समन्वय के माध्यम से संगठन निरंतर जनसेवा के संकल्प को और सशक्त बनाएगा।उन्होंने कहा कि भाजपा वर्तमान में विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है, जो राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से पार्टी के कार्यक्रमों से जन जन को जोड़ने की अपील की।



### लोगों को जोड़ने का आव्हान

अंत में मंडल अध्यक्ष दीना पटेल ने धन्यवाद ज्ञापित किया। बैठक में जिला पंचायत सभापति जागृति यद्ु, गुलशन हिरवानी, सतीश पाण्डेय, अरुण जैन, योगेश पटेल, लोकेश यद्ु, जिला महिला मोर्चा की कोषाध्यक्ष हीना मंगल जैन, ममता उइके, माहेश्वरी गंजीर, चुन्नी यद्ु, खेमदास साहू, भीषम साहू, यद्ु नायक, अजय सेन, प्रकाश गुप्ता, युवा मोर्चा अध्यक्ष शरद वैष्णव, गौरव यद्ु, नवनीत अहीर, विनय जैन, विनय गंजीर आदि उपस्थित थे।

## आंधी-तूफान ने मचाया तांडव

हरिभूमि न्यूज ⏭ खड़गांव

खडगांव क्षेत्र में बेमौसम बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। तेज आंधी तुफान से घरों की हालत बिगड़ गई है। बीते चार पांच दिनों से शाम को जबरदस्त आंधी तूफान और बारिश हो रही है जिसके चलते घरों के टीन शेड उड़ रहे है। कुछ घरों के खपरैल टूट कर बिखर गए हैं। पुरे क्षेत्र में परेशानी भरा माहौल है। तिरंगा चौक के समीप एक घर में लगा सीमेंट शेड टूट कर सड़क पर बिखर गया। जिनके घरों में नुकसान हुआ है उनकी जानकारी पंचायत द्वारा ली जा रही है। वर्तमान में लोगों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। छत के उड़ने के बाद लोगों के सामने आवास की समस्या खड़ी हो गई है।



## नहीं थम रही ट्रेनों की लेट लतीफी, यात्रियों में नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री निज़ार जीवा ने ट्रेनों की लेटलतीफी पर नाराजगी व्यक्त किया है। उन्होंने विज्ञप्ति में कहा कि जब दो लाइन थी तब सारी ट्रेन समय पर आती थी किन्तु 2014 के बाद रेल लाइन दो से तीन हो गई और अब चौथी भी होने वाली है किन्तु सुबह की ट्रेन शाम को आ रही है। जब तब लोकल ट्रेन को रद्द कर दिया जाता है। सुपर फ़ास्ट, एक्सप्रेस, पैसेंजर गड़ियो को रोक कर मालगाड़ी को निकाला जाता है। गोंदिया से चल कर डोंगरगढ़ आने वाली पैसेंजर ट्रेन एक के बजाए 3 से 4 घंटे में पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि ट्रेन का परिचालन ऐसे ही होते रहा तो जन आंदोलन हो सकता है।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### युवक ने मामा ससुर से की मारपीट

**बालोद।** पत्नी को नही भेजने से नाराज युवक ने अपने मामा ससुर से मारपीट कर दी। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने मारपीट करने वाले युवक के खिलाफ शिकायत की, पुलिस ने धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम कांडे थाना डौंडी निवासी गंगूराम ने पुलिस को बताया कि मेरी भांजी रितेश्वरी भदौरिया चार साल पहले शादी होकर ग्राम कापसी थाना पंखाजुर जिला कांकेर गयी थी, जो मेरे भांजी दामाद आकाश भदौरिया के द्वारा आये दिन मारपीट करने से मेरी भांजी रितेश्वरी भदौरिया मायका आ गई। मेरी दीदी की आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण भांजी पिछले दो वर्ष से मेरे घर में रह रही है व बीच बीच में दीदी के यहां ग्राम फुलकौडो आना जाना करती है, मेरी भांजी दामाद आकाश भदौरिया ग्राम कांडे मेरे घर के सामने मिला व मुझे गाली गलौच देकर जान से मारने की धमकी देते हुए बोला तुम मेरी पत्नी को अपने पास रखे हो वापस नही भेज रहे हो, बोलकर मुझे हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा, जिसे देखकर मेरी पत्नी मिनेश बघेल, मेरी बहन झमित बघेल देखे व बीच बचाव किये है, मारपीट करने से मेरा गला के पास चोट आया है।

### विश्व रेडक्रॉस दिवस पर आज विविध आयोजन

**बालोद।** इंडियन रेडक्रास सोसायटी जिला प्रबंधन समिति बालोद द्वारा विश्व रेडक्रांस दिवस के अवसर पर 11 मई को विभिन्न कार्यक्रमो का आयोजन किया गया है। जिसमे उद्घाटन समारोह के अवसर पर प्रातः 10 बजे मुख्य अतिथि इंडियन रेडक्रांस सोसायटी छत्तीसगढ़ तोमन साहू होंगे। अध्यक्षता इंडियन रेडक्रांस सोसायटी चेयरमेन बालोद डॉ प्रदीप जैन करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद तारणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर, अध्यक्ष नगर पालिका परिशद् बालोद प्रतिभा चौधरी, अध्यक्ष जनपद पंचायत बालोद सरस्वती टेमरिया, उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद बालोद कमलेश सोनी, वाईस चेयरमेन इंडियन रेडक्रांस सोसायटी जिला बालोद कमला वर्मा, कोशाध्यक्ष इंडियन रेडक्रांस सोसायटी बालोद रूपनारायण देशमुख रहेंगे। पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह में दोपहर 1 बजे मुख्य अतिथि कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा रहेंगी। अध्यक्षता इंडियन रेडक्रांस सोसायटी चेयरमेन जिला बालोद डॉ प्रदीप जैन करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बालोद सुनील चन्द्रवंशी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी जिला बालोद जेएल उईके, जिला शिक्षा अधिकारी जिला बालोद मधुलिका तिवारी, वरिष्ठ प्रध्यापक घनश्याम सिंह गुप्त महाविद्यालय एचएल मानकर उपस्थित रहेंगे।

### चाकूबाजी में घायल दूसरे युवक की मौत

**भिलाई।** चाकूबाजी मामले में गंभीर रूप से घायल दूसरे युवक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। खुर्सीपार पुलिस ने हत्या का अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि 25 अप्रैल को खुर्सीपार क्षेत्र में चाकूबाजी की वारदात हुई थी। घटना में दूसरे सुनील कुमार कन्हाई का युवक अस्पताल में उपचार चल रहा था। इलाज के दौरान शुक्रवार को युवक ने दम तोड़ दिया।

**दिवस : समाज सेविका मोहिनी साहू सहित अनेक लोगों ने माता-पिता के प्रति जताया सम्मान**

# मातृ दिवस पर माताओं को नमन, सेवा और संस्कार का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

मातृ दिवस के अवसर पर नगर एवं क्षेत्र में विभिन्न सामाजिक और पारिवारिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिलाओं, समाजसेवियों एवं युवाओं ने अपनी माताओं का सम्मान कर उनका आशीर्वाद लिया तथा समाज में मातृत्व, संस्कार और सेवा भावना के महत्व को रेखांकित किया।

दल्लीराजहरा क्षेत्र निवासी और प्रदेश अध्यक्ष जय छत्तीसगढ़ महतारी महिला सेवा संस्थान एवं अधिवक्ता लिपिक मोहिनी साहू ने मातृ दिवस के अवसर पर अपनी दोनों माताओं को सादर नमन करते हुए उनका आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि मां केवल जन्म देने वाली नहीं होती, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाली सबसे बड़ी शक्ति होती है।

मोहिनी साहू ने कहा कि मेरे दोनों माताओं को मेरा सादर प्रणाम। हर जन्म में आप दोनों मेरी मां बनो, आपका प्यार और आशीर्वाद हमेशा मुझे मिलता रहे। मां के चरणों में ही स्वर्ग है और मां का







आशीर्वाद ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। गौरतलब है कि मोहिनी साहू को उत्कृष्ट कार्यकर्ता सम्मान, छत्तीसगढ़ महतारी सम्मान, समाज गौरव सम्मान, नारी शक्ति सम्मान एवं मदर टेरेसा सम्मान जैसे कई सम्मानों से सम्मानित किया जा चुका है।

वे शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने, सड़क सुरक्षा अभियान, नशा मुक्ति अभियान, स्वच्छता अभियान, वृद्ध एवं बुजुर्गों की सेवा, गरीब बच्चों की पढ़ाई में सहयोग, सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम, रक्तदान, नेत्रदान, अंगदान महादान एवं सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव को लेकर लगातार कार्य कर रही हैं। नाटक एवं जनजागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से भी वे समाज में सकारात्मक संदेश देने का कार्य कर रही हैं। मातृ दिवस पर नगर के अन्य सामाजिक एवं गणमान्य लोगों ने भी अपनी माताओं के प्रति श्रद्धा व्यक्त की। समाजसेवी मार्तन सिंह और राकेश यादव ने कहा "मां का स्थान संसार में सबसे ऊंचा होता है। मां अपने बच्चों के लिए त्याग, प्रेम और संघर्ष की प्रतिमूर्ति होती है।

मातृ दिवस हमें मां के सम्मान और सेवा का संकल्प लेने का अवसर देता है।"शिक्षिका सीमा वर्मा ने कहा "आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में हमें अपनी माताओं के लिए समय निकालना चाहिए। मां का स्नेह और संस्कार ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव होते हैं।"

### मां हमारे जीवन की पहली गुरु

युवा समाजसेवी अमित साहू ने कहा "मां हमारे जीवन की पहली गुरु होती है। उनकी सीख और आशीर्वाद ही हमें सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।"महिला सामाजिक कार्यकर्ता कविता नेताम ने कहा "मातृ शक्ति ही परिवार और समाज की सबसे बड़ी ताकत है। महिलाओं और माताओं के सम्मान से ही समाज मजबूत बनता है।" वरिष्ठ नागरिक रामाधार निषाद ने कहा "जिस घर में मां का सम्मान होता है, वहां सुख-समृद्धि और सकारात्मक वातावरण बना रहता है। हमें हर दिन मातृ दिवस की तरह अपनी माताओं का आदर करना चाहिए।" मातृ दिवस के अवसर पर कई स्थानों पर बच्चों ने अपनी माताओं को पुष्प भेंट कर सम्मान किया तथा उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। सामाजिक संगठनों ने भी मातृ शक्ति के सम्मान में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर माताओं के त्याग, प्रेम और समर्पण को याद किया।

## ओमेश्वर राजू यादव बने जिला संयोजक पंचायत प्रकोष्ठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

सरपंच संघ अध्यक्ष ओमेश्वर राजू यादव को भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिला संयोजक पंचायत प्रकोष्ठ नियुक्त किए जाने पर क्षेत्र में खुशी की लहर है। पार्टी संगठन ने उन्हें एक और महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपते हुए भरोसा जताया है। इस नियुक्ति पर जिला अध्यक्ष एवं विधायक दुर्ग ग्रामीण माननीय सुरेंद्र कौशिक, विधायक ललित चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष हेमंत सिंहा सहित पार्टी पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दीं।



ओमेश्वर राजू यादव को बधाई देने वालों में जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, जनपद पंचायत अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन शर्मा, गिरीश साहू, जिला मंत्री महिला मोर्चा, जिला पंचायत सभापति जितेंद्र यादव, प्रिया साहू, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष रामकली साहू, महामंत्री यामिनी हरमुख, दिव्य साहू, ओम सिंह, संतोष साहू, अंडा मंडल अध्यक्ष लिकेश्वर देशमुख, पूरन देशमुख, मंडल अध्यक्ष शीतला ठाकुर, भवेंद्र यादव, ठवेंद्र यादव, जितेंद्र गुप्ता, तुषार साहू, अश्वनी साहू, रविशंकर साहू, मोहन ठाकुर, संदीप चंद्राकर, नरेंद्र निषाद (उप सरपंच नगपुरा), दुष्यंत निषाद, जेडी गोस्वामी, भानु प्रकाश साहू, याशु साहू सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल रहे। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने कहा कि ओमेश्वर राजू यादव के नेतृत्व और संगठन क्षमता का लाभ पार्टी को निश्चित रूप से मिलेगा।

## ग्राम सनौद में 16 को होगा मां भानेश्वरी जयंती महोत्सव एवं सामाजिक समागम

### पूर्व विधायक एवं जनप्रतिनिधियों की रहेगी उपस्थिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

छ.ग. प्रदेश साहू संघ रायपुर द्वारा मां भानेश्वरी जयंती महोत्सव तथा सामाजिक समागम का आयोजन 16 मई को ग्राम सनौद में किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यक्रम मे अध्यक्ष बालोद महेन्द्र साहू, अध्यक्ष राजनांदगांव भागवत साहू, अध्यक्ष दुर्ग नंदलाल साहू, अध्यक्ष भिलाई चन्द्रभूशण साहू, अध्यक्ष बेमेतरा नारद साहू, अध्यक्ष कवर्धा पतिराम साहू, अध्यक्ष खैरागढ़ तिलेश्वर साहू, अध्यक्ष मानपुर मदन साहू होंगे। वही बालोद जिला के पदाधिकारियो में पूर्व विधायक एवं संरक्षक प्रीतम साहू, कार्यवाहक अध्यक्ष किशोरी साहू, उपाध्यक्ष टुमन लाल साहू, भानुमति, संगठन सचिव मदन साहू, छवि सार्वा रहेंगे। वही बालोद जिले के मनोनीत पदाधिकारीगणो में प्रमुख सलाहकार हलधर साहू, गोपाल साहू, महामंत्री तुकाराम साहू, आरके साहू, कोशाध्यक्ष खेदूराम साहू, उपाध्यक्ष कृष्णा साहू, उपाध्यक्ष पीपरछेड़ी कृष्णा साहू, उपाध्यक्ष राजेन्द्र साहू, ज्ञानेश्वर साहू, जानकी साहू, सचिव बंशीलाल साहू, संयोजिका सुचित्र साहू, दीपा साहू, संयोजक न्याय प्रकोष्ट नेतराम साहू, युवा प्रकोष्ट धर्मेन्द्र साहू, अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ट सूरज गोपाल, शिव कलिहारी रहेंगे। बालोद जिले के पूर्व विधायक में रमशीला साहू, बिरेन्द्र साहू, दयाराम साहू, कुमारी बाई साहू, जिला के जनप्रतिनिधि में लक्ष्मी साहू, चद्रिरका गंजीर, तेजराम साहू, पूजा वैभव, जिला पंचायत सदस्य मीना साहू, उपाध्यक्ष जिला पंचायत बालोद टोमन साहू, पूर्व जला अध्यक्ष भाजपा पवन साहू, जिला अध्यक्ष कांग्रेस बालोद चन्द्रेश हिरवानी, जिला के नगर पालिका अध्यक्षगण प्रतिभा चौधरी बालोद, तोरण साहू दल्लीराजहरा, नगर पंचायत अध्यक्ष गुरूर प्रदीप साहू, जिला के जनपद अध्यक्ष सुनीता संजय साहू, कांती सोनबरसा, दुर्गानंद साहू, तहसील अध्यक्षगण में मिथलेश साहू गुरूर, प्रेम साहू बालोद, मानसिंग सार्वा गुण्डरदेही, उमाशंकर साहू अर्जुन्दा, नरेन्द्र हिरवानी देवरी, परमानंद साहू लोहारा, शीतल साहू दल्लीराजहरा, हिंछा साहू डौण्डी उपस्थित रहेंगे।

## चिलमगोटा में 11 से जय गुरुदेव संकीर्तन एवं मानस प्रवचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा

ब्लॉक के वनांचल ग्राम चिलमगोटा में 11 एवं 12 मई 2026 को दो दिवसीय जय गुरुदेव संकीर्तन एवं मानस प्रवचन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति के अनुसार कार्यक्रम प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से ग्राम के स्कूल मैदान के पास प्रारंभ होगा, जिसमें आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।



■ कथावाचक कामता प्रसाद शरण सुनाएंगे श्रीरामचरितमानस की कथा

कार्यक्रम के प्रथम दिवस जय गुरुदेव संकीर्तन, भजन एवं भक्ति संध्या का आयोजन किया जाएगा। वहीं द्वितीय दिवस प्रख्यात कथावाचक कामता प्रसाद शरण द्वारा श्रीरामचरितमानस पर आधारित प्रवचन एवं विभिन्न प्रसंगों की भावपूर्ण व्याख्या प्रस्तुत की जाएगी। आयोजन समिति ने बताया कि भीषण गर्मी और सूखे की स्थिति के बीच गांव में सुख-शांति, अच्छी वर्षा एवं जनकल्याण की कामना को लेकर धार्मिक आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम के समापन पर महाआरती एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। समिति के सदस्यों ने ग्राम चिलमगोटा सहित आसपास के ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ लेने की अपील की है। आयोजन को सफल बनाने के लिए गांव के युवा एवं महिला मंडल के सदस्य तैयारियों में जुटे हुए हैं। ग्रामीण प्रतिनिधि नेमन साहू रेंगाडबरी ने उक्त जानकारी दी।

## सौरभ मित्तल ने हासिल की डॉक्टर की उपाधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा



नगर के युवा सौरभ मित्तल ने डॉक्टर की उपाधि प्राप्त कर परिवार, समाज और नगर का नाम गौरवान्वित किया है। सौरभ की इस उपलब्धि के बाद पूरे मित्तल परिवार में खुशी और उत्साह का माहौल है। शुभचिंतकों, मित्रों और समाज के लोगों द्वारा लगातार बधाइयों का सिलसिला जारी है।

सौरभ मित्तल ऐसे परिवार से आते हैं, जहां शिक्षा, संस्कार और मेहनत को हमेशा सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई। मित्तल परिवार में अब तक चार सदस्य डॉक्टर की उपाधि प्राप्त कर चुके हैं, जबकि परिवार की एक बेटी बैंक में कैशियर के पद पर सेवाएं दे रही है और पांचवीं बेटी मेडिकल कॉलेज में अध्ययनरत होकर डॉक्टर बनने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रही है। परिवार की इस उपलब्धि को नगर में प्रेरणादायक उदाहरण के रूप में देखा जा रहा है। डॉक्टर की उपाधि प्राप्त करने वाले सौरभ मित्तल ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, गुरुजनों और परिवार को देते हुए कहा कि यह उपलब्धि केवल मेरी नहीं, बल्कि मेरे माता-पिता के त्याग, गुरुजनों के मार्गदर्शन और पूरे परिवार के विश्वास का परिणाम है। कठिन परिस्थितियों में भी परिवार ने हमेशा मेरा मनोबल बढ़ाया। माता-पिता ने हमें केवल पढ़ाई ही नहीं, बल्कि संस्कार, अनुशासन और लोगों की सेवा करना भी सिखाया। आज जो भी मुकाम हासिल हुआ है, उसमें गुरुजनों की सीख और परिवार का आशीर्वाद सबसे बड़ी ताकत रही है। मेरा प्रयास रहेगा कि मैं अपने ज्ञान और सेवा भाव से समाज के लिए उपयोगी साबित हो सकूं। पिता दीपक मित्तल ने कहा कि"सफलता कभी एक दिन में नहीं मिलती। इसके पीछे वर्षों की मेहनत, अनुशासन और धैर्य छिपा होता है। बच्चों ने लगातार मेहनत की और हर चुनौती का सामना सकारात्मक सोच के साथ किया। हमें खुशी है कि हमारे बच्चे शिक्षा के साथ-साथ मानवीय मूल्यों को भी महत्व दे रहे हैं। परिवार के सदस्य शैलेश, ईशा, प्रज्ञा, मौली और डिंपी ने भी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सौरभ को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। परिजनों ने कहा कि यह केवल डिग्री प्राप्त करने की बात नहीं, बल्कि समाज सेवा और मानवता के प्रति जिम्मेदारी निभाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। नगरवासियों ने मित्तल परिवार की इस उपलब्धि को शिक्षा, संस्कार और मेहनत की बड़ी जीत बताते हुए पूरे परिवार को शुभकामनाएं दी हैं।

## प्राचार्यों पर कार्रवाई का शिक्षक संघ ने किया विरोध, शिक्षा मंत्री को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

बालोद जिला कलेक्टर के द्वारा आठ प्राचार्यों का निलंबन व चौदह प्राचार्यों का वेतन-वृद्धि रोकने का छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ पूरजोर विरोध करता है। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के संभागीय अध्यक्ष भुवन सिन्हा ने शिक्षा मंत्री व सचिव स्कूल शिक्षा विभाग को पत्र लिखकर बालोद जिला में कलेक्टर द्वारा की गई कार्रवाई पर विरोध व असंतोष जताया है।

■ केवल परीक्षा परिणाम को आधार बनाना गलत : संघ

परीक्षा परिणाम में गिरावट के नाम पर प्राचार्यों के विरूद्ध कलेक्टर द्वारा अनुशासनात्मक कार्रवाई किया जाना सिविल सेवा नियमों के खिलाफ है। छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण)नियम 1965 और नियम 1966 के नियम 9 अनुसार द्वितीय श्रेणी राजपत्रित अधिकारी के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई का अधिकार केवल राज्य सरकार को ही है। उल्लेखनीय है कि प्राचार्य द्वितीय श्रेणी राजपत्रित अधिकारी है। केवल परीक्षा परिणाम में गिरावट को गंभीर कदाचरण मानकर सीधे अनुशासनिक कार्यवाही करना प्राकृतिक न्याय के खिलाफ भी है। इस प्रकार अपने क्षेत्राधिकार से बाहर व अनाधिकार कार्रवाई से शिक्षकों में जहां एक ओर आक्रोश है वहीं दूसरी ओर शैक्षणिक अमले में असुरक्षा की भावना उत्पन्न हो रहा है। परीक्षा परिणाम में गिरावट के लिए केवल प्राचार्य को जिम्मेदार ठहराना उचित नहीं है। वर्तमान में शिक्षा व्यवस्था छात्रों और शिक्षकों की योग्यता का आंकलन केवल परीक्षा परिणाम तक ही सीमित हो गया है। जो शिक्षा का मानक मापदंड नहीं होना चाहिए। सिन्हा ने अपने पत्र में सचिव स्कूल शिक्षा विभाग से आग्रह किया है।

## सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के तहत 11 को कपिलेश्वर शिव मंदिर में होंगे विशेष आयोजन

**बालोद।** कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन संस्कृति विभाग के निर्देशानुसार सोमनाथ स्वाभिमान पर्व 'अटूट आस्था के 1000 वर्ष' को 11 जनवरी से 11 जनवरी 2027 तक एक राष्ट्रव्यापी स्मरणोत्सव के रूप में आयोजित किया जाएगा। जिसके अंतर्गत 11 मई को बालोद जिले के ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक प्राचीन कपिलेश्वर शिव मंदिर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर गुरूर ब्लाक के पलारी एवं बालोद विकासखण्ड के ग्राम जगन्नाथपुर स्थित प्राचीन शिवालयों के साथ–साथ जिले के शिवालयों में भक्तिपूर्ण, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व 'अटूट आस्था के 1000 वर्ष' के अंतर्गत ग्राम पंचायत ब्लाक एवं तहसील स्तर से लेकर जिला एवं राज्य स्तर तक सभी शिवालयों (शिव मंदिरों) में भक्तिपूर्ण, सांस्कृतिक और सामुदायिक कार्यक्रमों के माध्यम से संपन्न किया जाएगा। इसके साथ ही महाविद्यालय, विश्वविद्यालय और शैक्षणिक संस्थाओं को सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के दौरान व्यापक युवा सहभागिता हेतु सोमनाथ संवाद और संबंधित परिसर प्रचार गतिविधियों जिसमें सेमीनार, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि आयोजित किए जाएंगे। बालोद जिले में 11 मई को ऐतिहासिक, पुरातात्विक प्राचीन शिवालय स्मारक कपिलेश्वर मंदिर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम डिप्टी कलेक्टर प्राची ठाकुर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### लापता लोगों को खोजने वाले टीआई सम्मानित

**भिलाई।** जिले में लंबे समय से लापता हुए लोगों के लिए पुलिस ने 1 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक राज्यव्यापी विशेष अभियान ऑपरेशन तलाश चलाया गया। इस दौरान अभियान के तहत कुल 683 लापता व्यक्तियों, बच्चों को सुरक्षित दस्तयाब किया। अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जामुल, स्मृति नगर चौकी 48-48, थाना पुरानी भिलाई 46 लापता सुरक्षित बरामद किए गए। उत्कृष्ट कार्य के लिए थाना प्रभारी जामुल रामेन्द्र सिंह, प्रभारी स्मृति नगर चौकी राजेश साहू, थाना प्रभारी पुरानी भिलाई अम्बर भारद्वाज को एसएसपी विजय अग्रवाल ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, फेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# 10वीं बोर्ड परीक्षा में मां भवानी हाई स्कूल के विद्यार्थियों ने लहराया सफलता का परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा



छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में मां भवानी हाई स्कूल, पुराना बाजार दल्ली राजहरा के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शाला का नाम गौरवान्वित किया है। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यार्थियों, पालकों एवं शिक्षकों में खुशी की लहर दौड़ गई।

शाला की छात्रा कु. भूमिका ने 88.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं इन्द्रजीत नेताम ने 82.66 प्रतिशत अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा कु. डिम्पल रावटे ने 81.5 प्रतिशत अंक हासिल कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों की इस सफलता पर शाला परिवार में उत्साह का माहौल है। शाला के शिक्षकगण, प्रबंधक समिति एवं शाला विकास समिति ने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि को मेहनत, अनुशासन और सतत अध्ययन का परिणाम बताया गया। शाला संचालक राजु लखानी ने परीक्षा परिणाम पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता बच्चों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं माता रानी के आशीर्वाद का सुखद प्रतिफल है। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों को आगे भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

### कक्षा 8वीं बोर्ड परीक्षा में दुर्गेश साहू को संकुल स्तर पर दूसरा स्थान



**बालोद/कलंगपुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा बोर्ड शैक्षणिक सत्र 2025–26 के लिए कक्षा 8 वीं के बोर्ड परीक्षा में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रजोली के छात्र दुर्गेश कुमार साहू पिता नेतराम साहू माता निर्मला साहू ने 95.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने विद्यालय के संकुल स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। छात्र की इस सफलता पर विद्यालय परिवार और परिजनों, दादा सेवानिवृत्त एसआई पुलिस विभाग पुनालाल साहू ने अपने पोते की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त किया है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
11 मई,25 मई, 06 जून, 15 जून, 05 सितम्बर, 10 सितम्बर, 26 सितम्बर,10 अक्टूबर, 22अक्टूबर, 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411